RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 05 अक्टूबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 167 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

बीएमसी के निलंबित किए गए 96 नागरिक कर्मचारियों को मार्च में बहाल कर दिया गया




Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र की सियासत में अब राहुल गांधी खेलने जा रहे मास्टरस्ट्रोक

महाराष्ट्र : हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार थमने के साथ ही महाराष्ट्र की सियासी तपिश गरमा गई है. बीजेपी की अगुवाई वाला एनडीए राज्य में सत्ता को बचाए रखने की कवायद में है तो कांग्रेस की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन अपनी वापसी के लिए बेताब है. हरियाणा में पुरजोर तरीके से चुनावी अभियान चलाने के बाद कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फोकस अब महाराष्ट्र पर है. राहुल गांधी आज शुक्रवार को महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे हैं, जहां वह छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. इसके बाद शनिवार को संविधान बचाओ सम्मेलन में शामिल होकर वह सामाजिक न्याय के एजेंडे को सेट करने का दांव चलेंगे.

## सामाजिक न्याय से सत्ता का रास्ता करेंगे तय...



**चुनाव के ऐलान से पहले रणनीति पर जोर**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का ऐलान अब किसी भी दिन हो सकता है. यही वजह है कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर से निपटने के बाद कांग्रेस ने अब महाराष्ट्र पर फोकस करने की रणनीति बनाई है. एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए राहुल गांधी शुक्रवार से मैदान में उतर रहे हैं. राहुल ने अपने दो दिवसीय दौरे से कांग्रेस के चुनावी अभियान को धार देने के लिए आरक्षण की धरती कोल्हापुर को चुना है. माना जा रहा है कि कांग्रेस अपनी खोई राजनीतिक जमीन को दोबारा से पाने की कवायद में है, जिसके तहत ही पार्टी ने कोल्हापुर से अभियान शुरू करने की योजना बनाई है.

राहुल गांधी शुक्रवार को कोल्हापुर के भगवा चौक पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण कर सियासी एजेंडा सेट करने की कोशिश में है. महाराष्ट्र की अस्मिता और सियासत में छत्रपति शिवाजी हमेशा से एक बेहद अहम प्रतीक रहे हैं. पिछले दिनों सिंधुदुर्ग स्थित इलाके में लगी छत्रपति शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा गिरकर टूटने से महाराष्ट्र की सियासी तपिश बढ़ गई थी. कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने इस घटना को लेकर शिंदे के अगुवाई वाली सरकार पर जमकर हमला बोला था और बीजेपी को कठघरे में खड़ा किया था. शिवाजी की मूर्ती के गिरने से जुड़ा मामला इतना बढ़ गया था, जिसके चलते बीजेपी और शिंदे सरकार बैकफुट पर आ गई थी. ऐसे में शिंदे सरकार से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने सिर्फ दुख ही जाहिर नहीं किया बल्कि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी. ऐसे में राहुल गांधी महाराष्ट्र चुनाव अभियान का आगाज शिवाजी की मूर्ती के अनावरण के साथ कर रहे हैं, जिसके सियासी मायने को साफ तौर पर समझा जा सकता है. इस तरह कांग्रेस शिवाजी महाराज के बहाने महाराष्ट्र में खिसके अपने सियासी आधार को दोबारा से पाने की कोशिश में है.

**सामाजिक न्याय के एजेंडे को करेंगे सेट**

राहुल गांधी शुक्रवार को कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ती का अनावरण करेंगे तो शनिवार को संविधान बचाओ सम्मेलन में शिरकत कर सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देंगे. राहुल गांधी लगातार आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत बढ़ाने की पैरवी कर रहे हैं. ऐसे में राहुल ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को धार देने के लिए कोल्हापुर को चुना है, क्योंकि छत्रपति शाहू महाराज ने यहीं से सामाजिक न्याय की आवाज उठाते हुए सबसे पहले आरक्षण का अलख जगाया था.

# महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा... !

## डिप्टी स्पीकर नरहरी मंत्रालय की तीसरी मंजिल से कूदे, जाली रहने से बची जान



**मुंबई:** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में विधानसभा के डिप्टी स्पीकर नरहरी झिरवल ने मंत्रालय की तीसरी मंजिल से सीधे नीचे छलांग लगा दी। हालांकि, नीचे रक्षा जाल हाने की वजह से उनकी जान बच गई। झिरवाल के साथ 2 विधायक भी कूदे थे। गनीमत रही कि वह भी जाली पर ही अटक गए। मंत्रालय में उस समय अचानक अफरातफरी मच गई जब की इसी इमारत की तीसरी मंजिल से सत्तारुढ़ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP-अजित पवार गुट) के विधायक नरहरि झिरवाल सीधे निचे कूद गए। खबर है कि नरहरी झिरवाल का धनगर समाज को अनुसूचित जनजाति (ST) कोटे से आरक्षण देने का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। देखा जाए तो वे अपनी ही सरकार के फैसले का विरोध कर रहे हैं।

इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने उन्हें बाहर निकाला। वहीं ऊंचाई से गिरने के कारण झिरवल का ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। उनकी सहत की जांच के लिए डॉक्टरों की एक टीम भी मंत्रालय पहुंची थी। फिलहाल उन्हे मंत्रालय में ही सुरक्षा के बीच उन्हें एक जगह पर बिठा दिया गया है। यह भी खबर है कि झिरवाल के कूदने से पहले से उन्होंने कुछ विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से एक मुलाकात की थी। लेकिन उनकी यह बैठक नाकाम रही थी।

# ऐतिहासिक किलों पर नशा करने वालों की खैर नहीं...

## होगी जेल, शिंदे सरकार का फैसला



**मुंबई:** महाराष्ट्र में ऐतिहासिक किलों का संरक्षण अक्सर सामाजिक और राजनीतिक चर्चा होती रही है. आज भी ये किले इतिहास के गवाह के रुप में दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं. छत्रपति शिवाजी महाराज के किले हर किसी के दिल में सम्मान का स्थान रखते हैं. लेकिन नशे के आदी किलों के खुले स्थानों में शराब और ड्रग्स लेने की हरकतें करता है. अब ऐसा करना नशे की लत वाले लोगों के लिए महंगा पड़ सकता है. राज्य कैबिनेट ने इसके लिए सजा और जुर्माने का प्रावधान किया है. महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की सरकार में सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने इसकी जानकारी दी. अब सरकार ने इसे लेकर पहल करते हुए कानूनी रोक लगा दी है. उन्होंने बताया कि अगर किलों पर शराब और नशीली दवाओं का सेवन किया गया तो 2 साल की सजा होगी और 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने आज 41 फैसले लिये हैं.

**महाराष्ट्र कैबिनेट का अहम फैसला**

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले राज्य सरकार कैबिनेट की बैठकों में कई अहम फैसले ले रही है. पिछले 4 दिनों में राज्य सरकार की ओर से 78 सरकारी फैसले लिए गए हैं. इसमें शुक्रवार (4 अक्टूबर) को हुई कैबिनेट बैठक में 41 विषयों पर कैबिनेट की मुहर लगी है. किलों की सुरक्षा और संरक्षण, मछुआरों के लिए निगम स्थापित करने समेत कई और अहम फैसले लिए गए.

**सुधीर मुनगंटीवार का शरद पवार पर निशाना**

आरक्षण की सीमा बढ़ाने को लेकर शरद पवार के बयान पर भी सुधीर मुनगंटीवार ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, ''जब शरद पवार 55 साल तक सत्ता में थे तो उन्होंने खुद यह एक्शन नहीं लिया. अब, जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो वे इस तरह की मांग कर रहे हैं. यह एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश है.''

# मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल रेलवे स्टेशन पर महिला का गैंगरेप



**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल रेलवे स्टेशन परिसर में एक महिला के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया है. महिला गंभीर हालत में पास के ही हॉस्पिटल में भर्ती हुई थी जहां उसके बयान लिए गए. महिला ने स्टेशन परिसर के अंदर ही 2 लोगों पर रेप करने का आरोप लगाया है. जीआरपी ने मामला दर्ज कर सिटी पुलिस को ट्रांसफर किया है. फिलहाल पूरे मामले में सिटी पुलिस जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल का है. जहां पर 22 सितंबर को दो आरोपियों ने महिला के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया. आरोपियों ने महिला का मुंह पकड़ा और उसे सुनसान जगह में ले गए. दोनों आरोपियों ने महिला के साथ एक-एक करके रेप किया. इसके बाद वह वहां से फरार हो गए. दोनों आरोपियों ने महिला को धमकाया भी. इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए.

महिला जैसे-तैसे घायल हालत में नवी मुंबई के नेरुल स्थित एक हॉस्पिटल में पहुंची. महिला ने हॉस्पिटल में वारदात का खुलासा किया जिसके बाद हॉस्पिटल की ओर से पुलिस को पूरी वारदात की जानकारी दी गई.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### संयुक्त राष्ट्र में सुधार का इंतजार...

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भविष्य शिखर सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में कहा, 'दुनिया एक बवंडर में फंसी है। हम ऐसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जो वैश्विक समाधान चाहती हैं।' इससे पहले उन्होंने कहा था, 'सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाएं आज पूरी तरह अप्रासंगिक, अयोग्य और अक्षम हो चुकी हैं। इनमें सुधार किए बिना वैश्विक चुनौतियों से नहीं निपटा जा सकता।' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, 'हताश होने के बजाय हमें एकजुट होकर चुनौतियों का सामना करना चाहिए। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र को और सक्षम, प्रभावी और समावेशी बनाने की जरूरत है। इसीलिए हम सुरक्षा परिषद का सुधार और विस्तार करने का समर्थन करते हैं।' वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक संस्थाओं में सुधार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा था, 'सुधार प्रासंगिक बने रहने की कुंजी हैं। मानव की सफलता उसकी संगठित शक्ति में है, जंग के मैदान में नहीं।' इन वक्तव्यों से संकेत मिलता है कि सुरक्षा परिषद के सुधार और विस्तार के लिए आम सहमति बन चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा ने भी सुरक्षा परिषद में सुधार करने और अफ्रीका को स्थायी सीट देने की मांग रखी।

महासचिव गुटेरस ने माना है कि अफ्रीका को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने पर सहमति हो चुकी है, पर सुधार और विस्तार की प्रक्रिया क्या हो और इसकी शुरूआत कब हो, इसे लेकर सहमति नहीं बन पा रही। लैटिन अमेरिका से ब्राजील को स्थायी सदस्यता देने पर भी किसी को आपत्ति नहीं है। मसला विश्व की दो तिहाई आबादी और लगभग आधी अर्थव्यवस्था वाले एशिया का है, जिसका प्रतिनिधित्व अकेले चीन के पास है। यूरोप के पास रूस, फ्रांस और ब्रिटेन की तीन सीटें हैं। इसलिए कुछ देशों का सुझाव है कि इन तीन देशों में से कम से कम एक को अपना वीटो अधिकार और सीट छोड़ देनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थायी सदस्यों में से कोई अपने वीटो अधिकार और स्थायी सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है। स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर आम सहमति है, परंतु चीन को वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना मंजूर नहीं, खासकर एशिया से जहां स्थायी सदस्यता के दोनों दावेदारों, भारत और जापान पर वह अलग-अलग कारणों से संदेह करता है।

यह समय की विडंबना है कि भारत ने जिस चीन को मान्यता

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

## शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 49 वर्षीय व्यक्ति को महज चार दिनों में 1.16 करोड़ रुपये का चूना

**मुंबई:** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी का शिकार हुए 49 वर्षीय व्यक्ति को महज चार दिनों में 1.16 करोड़ रुपये का चूना लगा। मानिकपुर पुलिस के अनुसार, वसई निवासी, जो एक आईटी कंपनी में वरिष्ठ पद पर कार्यरत है, ने इंटरनेट पर सर्फिंग करते समय एक संदिग्ध विज्ञापन देखा। बिना किसी संदेह के उसने लिंक पर क्लिक कर दिया, जिसके बाद उसका नंबर 125 सदस्यों वाले एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गया।

कुछ सदस्यों ने दावा किया कि उन्होंने समूह का प्रबंधन करने वाले विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के माध्यम से भारी मुनाफा कमाया है। पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता ने भी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के बाद शेयर बाजार में कारोबार करने का फैसला किया।

# देवेंद्र फडणवीस के वोट जिहाद वाले बयान पर राज्य में सियासी हंगामा...

## संजय राउत ने कहा, ''क्या होता है वोट जिहाद?



**मुंबई:** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस के वोट जिहाद वाले बयान पर राज्य में सियासी हंगामा खड़ा हो गया है. गुरुवार (3 अक्टूबर) को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि वो देश को तोड़ना चाहते हैं.

संजय राउत ने कहा, ''क्या होता है वोट जिहाद? इस देश का नागरिक मुसलमान, जैन, हिंदू, पारसी सब हैं, सभी वोट करते हैं, अगर वे आपको (बीजेपी) वोट करते हैं तो चलता है? वोट जिहाद की बात है तो आप (बीजेपी) मुसलमान महिलाओं के लिए तीन तलाक का कानून क्यों लाए? आपको और समाज के लोग वोट देते हैं तो आप क्या कहेंगे.''

उन्होंने आगे कहा, ''महाराष्ट्र में गुजरात के लोग आपको वोट देते हैं तो आप क्या कहेंगे? तो आप क्या कहेंगे. गुजरातियों का वोट जिहाद कहेंगे? फडणवीस जैसे लोग देश को तोड़ना चाहते हैं. ये गांधी जी का देश है. इस तरह का बयान दे रहे हैं. ये सब उनके दिमाग का कचरा है.''

**देवेंद्र फडणवीस ने क्या कहा था?**

डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में 'वोट जिहाद' का जिक्र किया है. उन्होंने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में लगे झटके का जिक्र कहा, ''कुछ (मुस्लिम समाज) लोगों को लगता है कि हमारी संख्या भले ही कम हो, लेकिन हम संगठित मतदान करके हिंदुत्व वादियों को पराजित कर सकते हैं.'' फडणवीस इन दिनों महायुति में सीट बंटवारे को लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं. यहां महायुति का मुकाबला महाविकास अघाड़ी से है.

# बीएमसी के निलंबित किए गए 96 नागरिक कर्मचारियों को मार्च में बहाल कर दिया गया

**मुंबई:** बीएमसी के हालिया आरटीआई जवाब से पता चलता है कि आपराधिक और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण निलंबित किए गए 96 नागरिक कर्मचारियों को मार्च में बहाल कर दिया गया था। इनमें से 19 के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं, जबकि शेष 77 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत फंसे हुए हैं। कार्यकर्ता जीतेंद्र घाडगे द्वारा प्राप्त आरटीआई दस्तावेजों के अनुसार, 2020 से बीएमसी ने 27 मार्च, 2024 को नवीनतम निलंबन समीक्षा बैठकों के साथ पांच निलंबन समीक्षा बैठकें आयोजित की हैं, जिसके परिणामस्वरूप 96 निलंबित कर्मचारियों को बहाल किया गया है।

बहाल किए गए लोगों में से 77 भ्रष्टाचार के आरोपी थे, जिनमें से 28 इंजीनियरिंग विभाग में, 13 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के भीतर मुख्य अभियंता की भूमिका में, नौ लाइसेंसिंग अधीक्षक के अधीन और पांच स्वास्थ्य विभाग में थे।बहाल किए गए अतिरिक्त कर्मचारियों को विभिन्न वार्ड कार्यालयों, कूपर अस्पताल, सायन अस्पताल, कर निर्धारण कार्यालय, अग्निशमन विभाग, जल, उद्यान और बाजार विभाग सहित विभिन्न पदों पर रखा गया था। आपराधिक मामलों में आरोपी अन्य अधिकारियों में से 12



को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग में तथा दो को कार्मिक विभाग में बहाल किया गया, जबकि अन्य को इंजीनियरिंग विभाग, जल विभाग, सेवरी क्षय रोग अस्पताल, केईएम अस्पताल तथा सुरक्षा कार्यालय में रखा गया। उल्लेखनीय है कि आरटीआई दस्तावेजों के अनुसार, इनमें से किसी को भी दोषी नहीं ठहराया गया है, क्योंकि उन पर अभी भी मुकदमा चल रहा है।

एक नागरिक अधिकारी ने कहा,''नगर निगम आयुक्त समीक्षा बैठकों के दौरान व्यक्तिगत मामले की स्थिति के आधार पर बहाली का निर्णय लेते हैं। लंबित मामलों के कारण वर्षों से निलंबित अधिकारियों को गैर-कार्यकारी भूमिकाएं सौंपी जाती हैं, जिससे सार्वजनिक संपर्क सीमित हो जाता है। दोषी अधिकारियों को तुरंत बर्खास्त कर दिया जाता है।''

## सोलापुर-मंगलवेढ़ा हाइवे पर कार नाले में पलट जाने से दो लोगों की मौत

**मुंबई:** सोलापुर जिले में सोलापुर-मंगलवेढ़ा हाइवे पर कामटी के पास सुबह एक कार नाले में पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। इस घटना में सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार सोलापुर जिले के गोनेवाड़ी में रहने वाले करीब आठ लोग आज सुबह तुलजापुर से अपने गांव की ओर कार से लौट रहे थे। कामटी के पास इन लोगों की कार अचानक किसी पत्थर से टकराई और अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस घटना में प्रदीप सुरेश क्षीरसागर (20) और नेताजी अंकुश कराले (23) की मौके पर ही मौत हो गई।

# धोखाधड़ी के मामले में अधिवक्ता को अग्रिम जमानत देने से इनकार

**मुंबई:** सत्र न्यायालय ने 62 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अधिवक्ता विनयकुमार खाटू (42) को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। अधिवक्ता के खिलाफ आजाद मैदान पुलिस थाने में उच्च न्यायालय के आदेश में कथित रूप से जालसाजी करने और 2014 से कई कानूनी कार्यवाहियों में उन्हें नियुक्त करने वाली महिला से 62 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है। खाटू ने अग्रिम जमानत और मामले को रद्द करने के लिए अब बॉम्बे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उनकी याचिकाओं पर उच्च न्यायालय में अभी सुनवाई होनी है। शिकायतकर्ता उर्मिला खान ने दावा किया कि उन्होंने अलीबाग में एक संपत्ति से संबंधित उच्च न्यायालय के मामले सहित विभिन्न कानूनी कार्यवाहियों में खाटू को शामिल किया था। उन्होंने कहा कि खाटू ने उन्हें बताया था कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 17 अक्टूबर, 2022 और 12 दिसंबर 2022 को अनुकूल आदेश दिए थे। हालांकि, जब आदेशों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो उन्होंने अपना अधिवक्ता बदलने का फैसला किया। नए वकील से उसे पता चला कि ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया गया था और खाटू ने जो कुछ दिखाया था वह कथित तौर पर मनगढ़ंत था। फिर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। गिरफ्तारी के डर से खाटू ने अग्रिम जमानत के लिए सत्र न्यायालय का रुख किया, जिसमें दावा किया गया कि उसने कभी अनुकूल आदेशों के बारे में बात नहीं की थी और आरोप लगाया कि खान ने उसके पति को बचाने के लिए मामला दर्ज कराया।

# यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एमएसआरटीसी के सेवानिवृत्त अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** नागपाड़ा पुलिस ने इस साल मई में एक वरिष्ठ परियोजना प्रबंधन सलाहकार का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ड्ढट्र्र में कार्यरत सलाहकार को अनुबंध के आधार पर एमएसआरटीसी मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया था, जब अधिकारी ने कथित तौर पर यौन संबंधों के बदले में उसे आउट-ऑफ-टर्न पदोन्नति और अन्य लाभ देने की पेशकश की थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान वीरेंद्र कदम के रूप में हुई है, जो इस साल



की शुरूआत में एमएसआरटीसी से उप महाप्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। अपनी सेवानिवृत्ति से पहले, 29 मई, 2024 को, उसने सलाहकार, उसके सहयोगी, कुछ एमएसआरटीसी अधिकारियों और एक भुगतान बैंक प्रतिनिधि के साथ एमएसआरटीसी मुख्यालय में एक बैठक की।

बैठक समाप्त होने पर, कदम ने सलाहकार को वहीं रहने के लिए कहा, उसके लिए चाय और बिस्कुट मंगवाए और अचानक उसके पास गया उसने यौन रूप से विचारोत्तेजक टिप्पणियाँ कीं, जिसका अर्थ था कि ''संगठन के भीतर उसकी पेशेवर उन्नति इस बात पर निर्भर हो सकती है कि वह उसके प्रस्तावों के प्रति अधिक अनुकूल होने की इच्छा रखती है।'' उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने उनके एक वरिष्ठ सहकर्मी का उदाहरण भी दिया, जिसने भी ऐसा ही किया था और उसे इसका फल भी मिला था।अपनी शिकायत में, सलाहकार ने उल्लेख किया कि कदम ने अपनी असहजता के बावजूद अपनी अश्लील टिप्पणियाँ जारी रखीं और बातचीत को पेशेवर मामलों की ओर मोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने केपीएमजी के लिए एक बड़ा कार्य आदेश जारी करने और यौन संबंधों के बदले में उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के लिए सिफारिश करने की पेशकश की। उन्होंने यह भी दावा किया कि वह ईईएंडवाई को एक कार्य आदेश जारी करेंगे और छह महीने के भीतर उन्हें सहायक निदेशक के रूप में उस संगठन में ''रखवा देंगे''।

# 'लड़की बहिन' योजना के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किया गया- अजित पवार



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार की महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजना 'लड़की बहन योजना' के लिए पर्याप्त मौद्रिक प्रावधान किया गया है। बता दें कि अजित पवार विपक्ष की इस आलोचना का जवाब दे रहे थे कि इस योजना से राज्य के खजाने पर वित्तीय बोझ पड़ रहा है।उन्होंने कहा, मैं राज्य का वित्त मंत्री हूं। मैं पुष्टि कर सकता हूं कि हमारा वार्षिक राजस्व लगभग 42-43 लाख करोड़ रुपये है। हम केंद्र की तरफ से राज्य के लिए तैयार किए गए राजकोषीय ढांचे का पालन कर रहे हैं और हमने उन गणनाओं को पार नहीं किया है। अजित पवार ने कहा कि लड़की बहन योजना के लिए धनराशि योजना की जरूरतों के अनुसार आवंटित की जाती है।

'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना' एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की सहायता दी जाती है।

# मुंबई के कारोबारी ने 'अटल सेतु' से कूदकर जान दी




**मुंबई :** मुंबई और नवी मुंबई को जोड़ने वाले अटल सेतु से कूदकर 52 वर्षीय कारोबारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की है और पिछले तीन दिनों में 'अटल सेतु' पर आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। इससे पहले सोमवार को एक बैंककर्मी ने भी 'अटल सेतु' से समुद्र में कूदकर अपनी जान दे दी थी।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के ठाणे के एक नेता को एक पार्सल भेजा गया, जिसमें बुलेट और एक चिट्ठी थी। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि नेता को जान से मारने की धमकी दी गई। हालांकि, पार्सल भेजने वाले की पहचान अभी तक नहीं की गई है। शिकायत के अनुसार, नेता को मंगलवार को पार्सल भेजा गया था। चिट्ठी में लिखा था, इस बार आपके हाथ में दे रहा हूं, अगली बार यह आपके सिर पर होगा।

# मामूली बात पर 57 वर्षीय कैंसर रोगी पर चाकू से वार, दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** राबोडी पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिन्होंने ठाणे में एक मामूली बात पर 57 वर्षीय कैंसर रोगी पर चाकू से वार किया। यह घटना ठाणे के गोकुल नगर में हुई, जब घायल व्यक्ति, जिसकी पहचान आदेश जाधव के रूप में हुई, शालिनी गायकवाड़ नामक एक महिला से मिलने के लिए उस स्थान पर गया था। राबोडी पुलिस में आदेश गायकवाड़ द्वारा भारतीय न्यान संहिता की धारा 118 (1) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

एफआईआर के अनुसार, शिकायत में कहा गया है कि 19 सितंबर को शालिनी गायकवाड़ ने उसे अपने कमरे के बारे में एक बैठक निर्धारित



करने के लिए फोन किया। शालिनी शिकायतकर्ता की दुकान के पीछे रहती है। शालिनी ने उसे फिर से 20 सितंबर की सुबह बैठक के लिए आने के लिए कहा। वह गोकुल नगर गया, लेकिन वह वहां नहीं मिली। बाद में, वह अपनी किराए की दुकान के सामने बैठ गया। इसके बाद, दो अज्ञात व्यक्ति उसके पास आए और उसकी दुकान के बारे में पूछा, फिर उससे कहा कि वे इसे किराए पर लेना चाहते हैं, लेकिन उसने मना कर दिया। वे उग्र हो गए; उनमें से एक ने लोहे की वस्तु ली, उसके चेहरे पर चाकू मार दिया और मौके से भाग गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। राबोडी पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर किशोर खरात ने कहा, ''हम सीसीटीवी फुटेज देख रहे हैं। हम जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेंगे। आगे की जांच जारी है।''

# मुंबई में चार मंजिला इमारत की दो मंजिलों की स्लैब ढह गई



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में एक चार मंजिला इमारत की दो मंजिलों की स्लैब ढह गई। इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दूसरी और चौथी मंजिल की स्लैब ढह गई। किसी ने अधिकारियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। खोज और बचाव अभियान जारी है। दमकल की गाड़ियां, पुलिस, बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट, 108 एंबुलेंस और बृहन्मुंबई नगर निगम के वार्ड कार्यालय कर्मचारी सहित कई एजेंसियां बचाव अभियान में लगी हुई हैं।

# हत्या के मामलों में आरोपी विजय पलांडे की याचिका खारिज



**मुंबई :** एक सत्र न्यायालय ने कई हत्या मामलों में आरोपी विजय पलांडे की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उनके खिलाफ एक मामले में अधिवक्ता उज्ज्वल निकम को विशेष लोक अभियोजक के रूप में बहाल करने को चुनौती दी गई थी। इस साल की शुरूआत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में चुने जाने के बाद निकम ने मामले से इस्तीफा दे दिया था; चुनाव हारने के बाद जून में उन्हें बहाल कर दिया गया था। पलांडे ने अपनी बहाली को चुनौती देते हुए कहा कि निकम मामले को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रसित थे और उनके इरादे गलत थे।

उनकी याचिका में आरोप लगाया गया कि निकम भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दाहिने हाथ थे और उन्हें पार्टी के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया था। याचिका में यह भी कहा गया कि निकम हाई-प्रोफाइल मामलों में ''झूठे दोषसिद्धि के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं'', जो आरोपियों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता से समझौता करता है। पलांडे ने अदालत से अनुरोध किया कि वह एक नया सरकारी वकील नियुक्त करे और निकम की नियुक्ति के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर जांच शुरू करे। पलांडे, जो वर्तमान में आर्थर रोड जेल में बंद है, को अप्रैल 2012 में दिल्ली के व्यवसायी अरुण टिक्कू और फिल्म निमार्ता करणकुमार कक्कड़ की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने टिक्कू हत्या मामले में निकम की बहाली को चुनौती दी थी।


# पुणे में दो बच्चियों से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में स्कूल वैन का चालक गिरफ्तार...



**पुणे :** छह साल की दो बच्चियों से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में पुलिस ने स्कूल वैन चालक को गिरफ्तार किया। यह घटना 30 सितंबर की है, जब लड़कियां स्कूल वैन से घर वापस लौट रही थी। इस दौरान आरोपी ने बच्चियों के प्राइवेट पार्ट्स को छुआ। उनमें से एक बच्ची ने अपनी मां को पूरी कहानी सुनाई। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई और पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संजय रेड्डी के तौर पर की गई है।

# 11 वर्षीय बेटी को अश्लील वीडियो दिखाकर बलात्कार करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**पुणे:** पुणे पुलिस ने एक 35 वर्षीय व्यक्ति को अपनी 11 वर्षीय बेटी को अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया पुलिस ने कहा कि यह घटना तब प्रकाश में आई जब लड़की जिस स्कूल में पढ़ती है, उसके अधिकारियों को नाबालिग पर यौन उत्पीड़न के बारे में पता चला। स्कूल के प्रिंसिपल ने पुलिस से संपर्क किया



और पिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत बलात्कार का मामला दर्ज किया गया। उसे बुधवार को गिरफ्तार किया गया। वारजे पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, ''आरोपी अपनी बेटी को अश्लील वीडियो दिखाता था और कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार करता था।'' पुलिस उपायुक्त (जोन 3) संभाजी कदम ने कहा कि आरोपी को बुधवार को एक अदालत में पेश किया गया और उसे चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# नशे में धुत केयरटेकर द्वारा 78 वर्षीय बिस्तर पर पड़े सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी पर हमला..



**मीरा भयंदर:** नशे में धुत एक केयरटेकर द्वारा 78 वर्षीय बिस्तर पर पड़े सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी पर बेरहमी से हमला करने की भयावह घटना को गंभीरता से लेते हुए मीरा भयंदर-वसई वसई (एमबीवीवी) पुलिस ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक प्रक्रिया अपनाने की तैयारी की है कि भर्ती से पहले मैनपावर सप्लाई एजेंसियां व्यक्तियों की उचित जांच करें। एमबीवीवी पुलिस मैनपावर सप्लाई प्रदाताओं के लिए भर्ती करने और कोई जिम्मेदारी सौंपने से पहले नौकरी के इच्छुक लोगों का प्रत्याशित सत्यापन करना अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है।

पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने पुष्टि की कि हमने इस मुद्दे का विस्तृत विश्लेषण करने और स्टाफिंग और पेरोल सेवा एजेंसियों पर नजर रखने के लिए आवश्यक प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं को रेखांकित करने के लिए उपयुक्त नियामक प्रक्रिया की सिफारिश करने के लिए पुलिस उपायुक्त रैंक के दो पुलिस अधिकारियों और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की सिफारिशों के आधार पर, ऐसी एजेंसियों पर कुछ नियंत्रण लाने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

वर्तमान में, निजी सुरक्षा एजेंसी विनियमन अधिनियम, 2005 के तहत शासित और विनियमित नियम केवल निजी सुरक्षा गार्ड प्रदाताओं तक ही विस्तारित हैं। उल्लेखनीय रूप से, घरेलू क्षेत्र में जनशक्ति की आपूर्ति का व्यवसाय कार्यवाहकों, गृहसेवकों, नर्सिंग स्टाफ और ड्राइवरों सहित कार्यबल की बढ़ती मांग के कारण फल-फूल रहा है।

# महाराष्ट्र : शह-मात के सियासी खेल में शरद पवार अभी से ही पावर लगे दिखाने...

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की मुनादी होने से पहले ही खेल शुरू हो गया है. महाराष्ट्र में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव है. 288 सदस्यी विधानसभा की तारीखों की घोषणा कभी भी हो सकती है. इस बीच शह-मात के सियासी खेल में शरद पवार अभी से ही पावर दिखाने लगे हैं. लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन से शरद पवार गदगद नजर आ रहे हैं. यही वजह है कि अब वह विधानसभा चुनाव में महायुती का खेल बिगाड़ने में जुट गए हैं. शरद पवार भाजपा को एक के बाद एक कई ताबड़तोड़ झटके दे रहे हैं.



समरजीतसिंह घाटगे और हर्षवर्द्धन पाटिल के बाद पश्चिमी महाराष्ट्र में बीजेपी को एक और झटका लगा है. विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार ने भाजपा के भीतर एक और सेंधमारी की है. राजेंद्र अन्ना देशमुख बीजेपी छोड़कर शरद पवार की पार्टी एनसीपी में शामिल हो गए हैं. भाजपा के पूर्व विधायक और अटपाडी खानापुर के नेता राजेंद्र देशमुख ने भाजपा पर भी निशाना साधा है.

भाजपा से एसीपी में आए राजेंद्र अन्ना देशमुख ने सांगली में शरद पवार से मुलाकात की और ऐलान किया कि वह बीजेपी छोड़ रहे हैं. राजेंद्र अन्ना देशमुख ने बीजेपी पर हमें शिवसेना शिंदे ग्रुप को बेचने का आरोप लगाया है. साथ ही, राजेंद्र अन्ना देशमुख ने स्पष्ट कर दिया है कि वह खानापुर निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं. 2019 में अटपाडी खानापुर से शिवसेना के अनिल बाबर चुने गए थे. शिवसेना में बगावत के बाद अनिल बाबर एकनाथ शिंदे के साथ चले गए, लेकिन कुछ महीने पहले अनिल बाबर का निधन हो गया. चूंकि यह सीट महागठबंधन में शिवसेना के खाते में जाएगी, इसलिए राजेंद्र अन्ना देशमुख ने बीजेपी छोड़कर पवार का बिगुल थाम लिया है.

इस बीच शरद पवार विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए सांगली आए हैं. कांग्रेस नेता जयश्री पाटिल ने भी शरद पवार से मुलाकात की है. जयश्री पाटिल सांगली से कांग्रेस की महत्वाकांक्षी उम्मीदवार हैं. बता दें कि महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनावों की घोषणा कभी भी की जा सकती है. चुनाव आयोग ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर ली है. महाराष्ट्र में नवंबर में विधानसभा चुनाव करवाए जाने हैं.

# ‘कोल्डप्ले’ कॉन्सर्ट के टिकटों की कालाबाजारी... एफआईआर दर्ज



**मुंबई :** ऑनलाइन टिकट एग्रीगेटर बुक माई शो ने गुरुवार को कहा कि उसने ब्रिटिश रॉक बैंड ‘कोल्डप्ले’ के शो के टिकटों की कालाबाजारी के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। कंपनी ने कहा कि वह उन टिकटों के रद्द होने की संभावना का आकलन कर रही है, जिन्हें अवैध तरीके से बेचा गया। मुंबई पुलिस ने पुष्टि करते हुए कहा कि भारत में कोल्डप्ले के ‘म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर -2025’ के टिकटों की कालाबाजारी के खिलाफ चल रही लड़ाई में बुक माई शो ने 2 अक्तूबर 2024 को एक एफआईआर (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज कराई है। एफआईआर में उन व्यक्तियों और प्लेटफार्मों की जांच करने का भी आग्रह किया गया है, जिन्होंने अवैध रूप से टिकट बेचे या शामिल रहे। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच शुरू कर दी है।

# मुंबई : चर्चगेट के फुटपाथ पर सोते समय किडनैप हुई एक साल की बच्ची जयपुर में मिली... आरोपी महिला गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई से 11 सितंबर को किडनैप हुई एक साल की बच्ची को मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने जयपुर से ढूंढ निकाला है. पुलिस ने इस मामले में ओारपी महिला पायल लक्ष्मण सिंह को गिरफ्तार कर लिया है. बच्ची का किडनैप चर्चगेट के इरोस थिएटर के बाहर फुटपाथ से उस समय हुआ जब वह अपने माता-पिता के साथ सो रही थी. क्राइम ब्रांच यूनिट-1 की इंस्पेक्टर रोहिणी पोतदार ने बताया, मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में 11 सितंबर को मामला दर्ज किया गया था. शिकायत के बाद टीम ने मामले की जांच शुरू की, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बच्चे को सोते समय ले जाती हुई दिखाई दी. महिला को सीएसटी स्टेशन के फुटेज में भी देखा गया और बाद में वह बांद्रा टर्मिनस जाने वाली ट्रेन में चढ़ गई थी. वहीं एक अन्य फुटेज से पता चला कि वह ट्रेन से जयपुर गई थी.



इसके बाद क्राइम ब्रांच यूनिट-1 की एक टीम महिला को पकड़ने के लिए जयपुर गई. पुलिस टीम वहां 15 दिन तक महिला की खोज बीन करती रही, लेकिन महिला लगातार अपना ठिकाना बदल रही थी. तब क्राइम ब्रांच ने जयपुर में अपने मुखबिर लगाए. वहीं टीम के मुंबई लौटने के बाद एक मुखबिर ने उन्हें बताया कि महिला और बच्चा जयपुर में एक एटीएम के अंदर सो रहे हैं.

इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने जयपुर पुलिस से संपर्क किया और महिला और बच्चे की तस्वीरें भेजीं. जिसके बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया. महिला की पहचान 23 वर्षीय प्रीति (पायल लक्ष्मण सिंह) के रूप में हुई है. वह शादीशुदा है, लेकिन अपने पति से अलग रहती है.

# यौन उत्पीड़न के आरोपी की हिरासत में मौत की मजिस्ट्रेट जांच में तेजी

**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिगों पर यौन उत्पीड़न के आरोपी की हिरासत में मौत की मजिस्ट्रेट जांच में तेजी लाई। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि मामले से जुड़े सभी सबूतों को इकट्ठा किया जाए, संरक्षित किया जाए और फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा जांच की जाए।कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस को हिरासत में मौत की घटना में मजबूत फोरेंसिक सबूत शामिल करने चाहिए, जहां आरोपी को जवाबी“ ‘गोलीबारी’ ”में मार दिया गया था। कानून के अनुसार, मजिस्ट्रेट को हिरासत में मौत के मामलों की न्यायिक जांच करनी होती है। वर्तमान में, राज्य आपराधिक जांच विभाग घटना की जांच कर रहा है। मृतक आरोपी के शरीर से एकत्र किए गए फोरेंसिक सबूतों के बारे में उक्ऊसे सवाल करते हुए, कोर्ट ने गोलीबारी के अवशेषों का विश्लेषण करने की आवश्यकता दोहराई।


# क्रिप्टोकरेंसी योजना में निवेश कर अच्छा रिटर्न देने के बहाने से 1.17 करोड़ रुपये ठग...




**मुंबई :** महाराष्ट्र के ठाणे में धोखाधड़ी के आरोप में एक ही परिवार के 19 सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, आरोपियों पर एक व्यक्ति और उसके भाई से क्रिप्टोकरेंसी योजना में निवेश कर अच्छा रिटर्न देने के बहाने से 1.17 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है। 42 वर्षीय व्यक्ति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। साबिर याकूब घाची, शाकिर याकूब घाची और रुहिहा शाकिर घाची समेत अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने पीड़ित से उनके निवेश राशि पर 12 गुना रिटर्न देने का वादा किया था। पीड़ित ने 91.53 लाख रुपये और उसके भाई ने 25.69 लाख रुपये का निवेश किया था। जब शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने बाते बनाना शुरू किया और धमकी भी देने लगे।

# मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का सफर एलिवेटेड मेट्रो से होगा महंगा...

## 12 किमी के लिए 50 रुपये होंगे खर्च



**मुंबई :** मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो में सफर करने के लिए यात्रियों को एलिवेटेड मेट्रो की तुलना में अधिक पैसे खर्च करने होंगे। अंडरग्राउंड मेट्रो के करीब 12.2 किमी के मार्ग पर सफर करने के लिए यात्रियों को करीब 50 रुपये खर्च करने होंगे। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा तैयार की गई मेट्रो 7 और मेट्रो 2 ए कॉरिडोर के 12 किमी का सफर यात्री 20 रुपये में पूरा कर रहे है।

वहीं घाटकोपर से वसोर्वा के बीच चल रही मेट्रो-1 कॉरिडोर के 11.4 किमी का सफर तय करने के लिए यात्रियों को 40 रुपये खर्च करने पड़ रहे है। वॉचडॉग फाउंडेशन के ट्रस्टी गॉडफ्रे पिंटो ने मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी ) ने मेट्रो किराये के दरों पर पुनर्विचार करने की मांग की है। मेट्रो 7 और मेट्रो 2 ए का फेयर चार्ट मेट्रो-3 में भी अपनाने की मांग की है। गॉडफ्रे पिंटो के अनुसार, एमएमआरसी को अगर यात्रियों की संख्या बढ़ाना है, तो किराया घटाना ही होगा। मौजूदा समय में तय किया गया किराया काफी अधिक है। यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो लाइन तैयार की गई है, न कि कमाई करने के लिए। आरे से कोलाबा के बीच मेट्रो-3 का निर्माण किया जा रहा है। मेट्रो के पहले फेज के तहत आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com